- एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी आज शाम लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे–मंत्रिपरिषद् का भी शपथग्रहण आज।
- वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर आज प्रदेशभर में उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया।
- आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से।
- प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर तापमान में कमी से लोगों को गर्मी से मिली राहत– कल से प्री–मॉनसून की बारिश का पूर्वानुमान।

000

एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार अब से कुछ देर बाद प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शाम सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलवायेंगी। इस अवसर पर भाजपा के सहयोगी जनता दल यूनाइटेड, तेलगूदेशम पार्टी और अन्य घटक दलों के सदस्यों के नये मंत्रिमंडल में शपथ लेने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह में बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, मॉरिशस, मॉलदीव और नेपाल सहित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और अन्य अतिथि शामिल होंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र भी समारोह में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली पहुंच गये हैं। वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी दिल्ली में हैं। इससे पहले मनोनीत प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज पीएम आवास पर संभावित मंत्रियों को बुलाया। इसमें शिवराज सिंह चौहान, किरण रिजिजू, जितिन प्रसाद, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और रामदास अठावले सहित कई अन्य नेता पहुंचे। प्रदेश से अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव और अन्य कई नेताओं का नाम भी संभावित मंत्रियों की सूची में शामिल बताया जा रहा है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में महात्मा गांधी के समाधि–स्थल राजघाट और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि–स्थल सदैव अटल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर भी पुष्पाजंलि अर्पित की। राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह का आकाशवाणी से सजीव प्रसारण किया जायेगा। यह प्रसारण आकाशवाणी लाइव न्यूज चैनल पर शाम पौने सात बजे से होगा। आकाशवाणी के यूट्यूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

000

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि संसद में उनके दल की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज नई दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में उन्होंने कहा कि लोकसभा में तो कांग्रेस एक बड़ी पार्टी होगी ही, इंडिया गठबंधन के घटक दलों से इसे और अधिक मज़बूती भी मिलेगी। श्रीमती गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की पहल ऐतिहासिक थी जिनसे पार्टी हर स्तर पर मजबूत हुई।

000

वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयाजित हो रहे हैं। टोंक जिले में विभिन्न संगठनों की ओर से महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। इस मौके पर जुटे लोगों ने महाराणा की मूर्ति पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उनके योगदान की चर्चा की। वहीं डुंगरपुर जिले में हवन के साथ प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। वहीं रक्तदान शिविर में लोगों ने 100 युनिट से ज्यादा रक्तदान किया। इस अवसर पर बूंदी में शोभायात्रा निकाली गई। सलूम्बर जिले में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिले में स्थित महाराणा की निर्वाण स्थली चावंड के साथ कई कस्बों में महाराणा प्रताप को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। केकड़ी शहर में महाराणा प्रताप के जीवन दर्शन को दर्शाती शोभायात्रा निकाली गई। झुन्झुनू के बुहाना में भी शोभायात्रा पर विभिन्न समाजों की ओर से पुष्पवर्षा की गई। भरतपुर के महाराणा प्रताप कॉलोनी स्थित पार्क में महाराणा की मूर्ति को गंगाजल से स्नान कराकर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जुटे लोगों ने महाराणा प्रताप के शौर्य की गाथाएं भी सुनाई। वहीं इस मौके पर राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

000

---------------

आईसीसी टी20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में आज परम्परागत प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला जाएगा। ये मैच भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे अमेरिका के न्यूयार्क शहर के नासाऊ काउन्टी स्टेडियम में खेला जायेगा। भारत की टीम के पास इस मैच को जीतकर सुपर–8 में अपना स्थान पक्का करने का मौका है, जबकि पाकिस्तान अपना पहला मुकाबला अमेरिका की टीम से सुपर ओवर में हार चुकी है। भारत की टीम अपने पहले मुकाबले में आयरलैण्ड की टीम को शिकस्त दे चुकी है। इस मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में काफी उत्साह बना हुआ है।

000

देश में आगामी एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। उनमें समय की मांग के अनुसार नये प्रावधान शामिल किये गए हैं। इसी के बारे में जागरूकता के लिये आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिन में नई श्रृंखला शुरू की गई है। आज हम आपको बताने जा रहे है न्याय का डिजिटलीकरण, सक्षमता और विश्वसनीयता बढ़ाना विषय पर नये कानूनों में किये गये विशेष प्रावधान के बारे में–

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 ने एक तेज और पारदर्शी न्याय प्रणाली का वादा करते हुए अपराध स्थल से लेकर जांच और मुकदमे तक प्रौद्योगिकी की शुरूआत की। प्रौद्योगिकी का समावेश आपराधिक न्याय प्रणाली को आधुनिक बनाने और आधुनिक वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी की ताकत का उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि नये कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल साक्ष्य को स्वीकार करने के लिए पारम्परिक दस्तावेज साक्ष्य की तरह माना गया है। दस्तावेजों की परिभाषा में सर्वर लॉग, स्थान संबंधी साक्ष्य और डिजिटल वॉयस संदेश भी शामिल है।

00000

प्रदेश में बीएड पाठ्यक्रमों के प्रवेश के लिए आज पीटीईटी परीक्षा आयोजित की गई। करीब एक हजार चार सौ बीएड कॉलेजों में दो वर्ष के बीएड कोर्स और चार वर्ष के बीएससी और बी.ए बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ये परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा समन्वयक आलोक चौहान ने बताया कि कोटा के वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से इसका आयोजन किया गया है।

000

जेईई एडवांस्ड का परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिया गया। इसमें कोटा में कोचिंग कर रहे वेद लाहोटी ने ऑल इंडिया प्रथम रैंक हासिल की है। लाहोटी ने 360 में से 355 अंक लाकर यह सफलता हासिल की। आईआईटी मद्रास की ओर से आयोजित जेईई एडवांस परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद देश की 23 आईआईटी की करीब 17 हजार 500 सीटों पर छात्रों को प्रवेश मिल सकेगा। इस परीक्षा में एक लाख 82 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे।

000

प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर मौसम में बदलाव से तापमान में कमी आई है, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल से प्री–मॉनसून की बारिश होने के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले तीन दिन कोटा और उदयपुर संभाग के 6 जिले उदयपुर, प्रतापगढ़, चित्तौडगढ, डूंगरपुर, बांसवाडा और झालावाड में आंधी बारिश का मौसम रहेगा। श्री शर्मा ने बताया कि मॉनसून महाराष्ट्र में प्रवेश कर चुका है और कल से राजस्थान के दक्षिणी हिस्सों में धीरे–धीरे बढ़ना शुरू होगा। इस बीच पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज सिरोही, उदयपुर, बीकानेर, नागौर, जैसलमेर, जोधपुर और अजमेर जिलों में कहीं–कहीं मेघगर्जन और हवा के साथ हल्की बारिश का पुर्वानुमान है। कल से कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में आंधी बारिश की गतिविधियां दर्ज होने तथा अन्य भागों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

000